# ज़ाकिर हुसैन कॉलेज में पुष्प प्रदर्शनी और जॉब मेले का शुभारंभ

## प्रो. नरेंद्र सिंह ने अतिथियों का स्वागत करते हुए युवाओं से राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया

**मौहम्मद तसलीम**

नई दिल्ली।दिल्ली विश्वविद्यालय के ज़ाकिर हुसैन कॉलेज में दो दिवसीय पुष्प प्रदर्शनी 'पुष्प माधुर्य' और जॉब एंड इंटर्नशीप फेयर वृत्ति का शुभारंभ किया गया। इस वर्ष वृत्ति मेला में करीब 45 कंपनियों ने भागीदारी की है।कॉलेज की वार्षिक पुष्प प्रदर्शनी में करीब 35 प्रजातियों के देशी-विदेशी फूल-पौधे शामिल किए गए हैं। साथ ही आयुर्वेदिक वनस्पतियों का एक अलग खंड भी बनाया गया है जिसमें पौधों के आयुर्वेदिक गुणों को रेखांकित किया गया है। पुष्प प्रदर्शनी के संयोजक डॉ. ऋतु माथुर और डॉ. सुनील हैं।इस अवसर पर युवाओं को प्रोत्साहित करने और प्रेरणा देने के लिए प्रसिद्ध




समाजसेवी श्री दयानंद सिंह, मध्य दिल्ली पुलिस उपायुक्त श्री हर्षवर्धन, भारत सरकार के वित्त मंत्रालय में संयुक्त निदेशक सुश्री दीपिका श्रीवास्तव के साथ कॉलेज के प्राचार्य प्रो. नरेंद्र सिंह उपस्थित थे।हर्षवर्धन ने कहा कि सामाजिक संरचना और सुविधा में सामंजस्य होना चाहिए। हमें अपनी क्षमताओं को परखते हुए उसे लगातार संवर्धित करना चाहिए। जीवन का रास्ता साहस और समझदारी से चुनकर ही देश निर्माण में हम अपना योगदान दे सकते हैं।दयानंद जी विद्यार्थियों के समक्ष अपनी बात रखते हुए कहा कि जीवन में प्रेरणा का बड़ा महत्त्व होता है। प्रेरणा जीवन को सफल और सार्थक बनाने में केंद्रीय भूमिका निभाती है। मानव जीवन की सफलता का योगदान राष्ट्र की उन्नति में होना चाहिए।सुश्री दीपिका श्रीवास्तव ने शिक्षा को महत्त्व देने पर जोर देते हुए कहा कि हमारी शुरुआती शिक्षा पूरे जीवन की नींव होती है।

उन्होंने नीति निर्माण में प्रशासनिक सेवकों के कार्यों और भूमिका की भी चर्चा की।प्राचार्य प्रो. नरेंद्र सिंह ने अतिथियों का स्वागत करते हुए युवाओं से राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया।इस अवसर पर कॉलेज के जॉब एंड इंटर्नशिप संयोजक डॉ. धीरज ने अतिथियों को शॉल देकर सम्मानित किया। इस मेले में लगभग 2500 विभिन्न कॉलेज से आए विद्यार्थियों ने भाग लिया और क़रीब 237 विद्यार्थियों को जॉब मिल पायी।

# जाकिर हुसैन कालेज में 237 छात्रों को नौकरी की पेशकश

**नई दिल्ली** : दिल्ली विश्वविद्यालय के जाकिर हुसैन कालेज में मंगलवार को जाब एवं इंटर्नशिप मेला और पुष्प प्रदर्शनी लगाई गई। मेले में 45 कंपनियों में छात्रों के साक्षात्कार हुए। इसमें 237 को जाब की पेशकश की गई है। कालेज की वार्षिक पुष्प प्रदर्शनी 'पुष्प माधुर्य' में करीब 35 प्रजातियों के देशी-विदेशी फूल-पौधे शामिल किए गए हैं। साथ ही आयुर्वेदिक वनस्पतियों का एक अलग खंड भी बनाया गया है, जिसमें पौधों के आयुर्वेदिक गुणों को रेखांकित किया गया है। युवाओं को प्रोत्साहित करने और प्रेरणा देने के लिए समाजसेवी दयानंद सिंह, मध्य दिल्ली पुलिस उपायुक्त हर्षवर्धन, भारत सरकार के वित्त मंत्रालय में संयुक्त निदेशक दीपिका श्रीवास्तव के साथ कालेज के प्राचार्य प्रो. नरेंद्र सिंह उपस्थित थे। हर्षवर्धन ने कहा कि सामाजिक संरचना और सुविधा में सामंजस्य होना चाहिए। (जासं)

# ذاکر حسین کالج مارننگ میں پھولوں کی نمائش اور جاب فیئر کا افتتاح

## کالج کے پرنسپل نریندر سنگھ نے مہمانوں کا خیر مقدم کرتے ہوئے نوجوانوں پر زور دیا کہ وہ ملک کی تعمیر میں اپنا حصہ ڈالیں

محمد تسلیم

نئی دہلی: 5 مارچ (سیاسی تقدیر بیورو) دہلی یونیورسٹی کے ذاکر حسین کالج میں آج دو روزہ پھولوں کی نمائش 'پشپ مادھوریہ' اور نوکری اور انٹرن شپ کیلئے جاب فیئر بعنوان 'وریتی' کا افتتاح کیا گیا۔ اس سال تقریباً 45 کمپنیوں نے جاب فیئر میں حصہ لیا ہے۔ کالج کی سالانہ پھولوں کی نمائش میں تقریباً 35 اقسام کے ملکی اور غیر ملکی پھولوں اور پودوں کو شامل کیا گیا ہے۔ اس کے علاوہ آیورویدک نباتات کا ایک الگ سیکشن بھی بنایا گیا ہے جس میں پودوں کی آیورویدک خصوصیات پر روشنی ڈالی گئی ہے۔ فلاور شو کے کوآرڈینیٹر ڈاکٹر ریتو ماتھر اور ڈاکٹر سنیل رہے۔ اس موقع پر نوجوانوں کو ہمت دینے اور حوصلہ افزائی کرنے کے لیے مشہور سماجی کارکن مسٹر دیانند سنگھ، مرکزی دہلی پولیس کے ڈپٹی کمشنر مسٹر ہرش وردھن، حکومت ہند کی وزارت خزانہ میں جوائنٹ ڈائریکٹر دیپیکا سریواستو کے ہمراہ کالج کے پرنسپل پروفیسر نریندر سنگھ موجود تھے۔ اس موقع پر اپنی تقریر میں ہرش وردھن نے کہا کہ سماجی ڈھانچے اور سہولیات میں ہم آہنگی ہونی چاہیے۔ ہمیں اپنی صلاحیتوں کو جانچ کر مسلسل بہتر کرنا چاہیے۔ ہمت اور حکمت کے ساتھ زندگی کے راستے کا انتخاب کر کے ہی ہم قوم کی تعمیر میں اپنا حصہ ڈال سکتے ہیں۔ طلباء کے سامنے اپنے خیالات پیش کرتے ہوئے دیانند نے کہا کہ زندگی میں تحریک کی بہت اہمیت ہے۔ تحریک زندگی کو کامیاب اور بامقصد بنانے میں مرکزی کردار ادا کرتی ہے۔ انسانی زندگی کی کامیابی قوم کی ترقی میں کردار ادا کرے۔ تعلیم کو اہمیت دینے پر زور دیتے ہوئے دیپیکا سریواستو نے کہا کہ ہماری ابتدائی تعلیم ہماری پوری زندگی کی بنیاد ہے۔ انہوں نے پالیسی سازی میں انتظامی ملازمین کے افعال اور کردار پر بھی بات کی۔ کالج کے پرنسپل نریندر سنگھ نے مہمانوں کا خیر مقدم کرتے ہوئے نوجوانوں پر زور دیا کہ وہ ملک کی تعمیر میں اپنا حصہ ڈالیں۔ اس موقع پر کالج کے جاب اینڈ انٹرن شپ کوآرڈینیٹر ڈاکٹر دھیرج نے مہمانوں کو شال پہنا کر ان کی عزت افزائی کی۔ اس جاب فیئر میں مختلف کالجوں کے تقریباً 2500 طلباء نے شرکت کی اور تقریباً 237 طلباء کو نوکریاں ملیں۔



# जाकिर हुसैन में स्नातक के चार छात्रों को 7.5 लाख का जॉब ऑफर

## प्लेसमेंट सेल की ओर से आयोजित जॉब व इंटर्नशिप फेयर में 250 छात्रों को नौकरी की पेशकश; पहले, दूसरे व तीसरे वर्ष के 300 छात्रों को इंटर्नशिप का ऑफर

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय के जाकिर हुसैन कॉलेज में जॉब व इंटर्नशिप फेयर में स्नातक के चार छात्रों को अधिकतम सैलेरी पैकेज के रूप में 7.5 लाख रुपये के जॉब ऑफर की पेशकश की गई है। यह ऑफर बीते साल के प्लेसमेंट से करीब 25 फीसदी ज्यादा है। वहीं न्यूनतम सैलेरी पैकेज के रूप में 3.5 लाख रुपये की पेशकश हुई है।




कॉलेज में पांच व छः मार्च को जॉब व इंटर्नशिप फेयर आयोजित किया गया। इसमें 300 छात्रों को इंटर्नशिप के ऑफर व 250 छात्रों को जॉब ऑफर किए गए। कॉलेज के अनुसार बीते साल के मुकाबले में यह इस फेयर में बेहतर रेस्पांस मिला है।

कॉलेज के प्लेसमेंट प्रमुख डॉ धीरज कुमार सिंह के अनुसार दो दिन के इस जॉब व इंटर्नशिप फेयर में करीब 45 कंपनियां कॉलेज परिसर में पहुंची। इनमें टाटा एआई, टेक महिन्द्रा, जियो टेक जैसी कंपनियां शामिल हैं। इन कंपनियों ने विभिन्न चरणों के आधार पर 250 छात्रों को जॉब की पेशकश की है। अधिकतम सैलेरी पैकेज 7.5 लाख रहा है। जो कि चार छात्रों को मिला है इनमें एक मैथमेटिक्स व तीन कॉमर्स प्रोग्राम के छात्र हैं। केवल तीसरे वर्ष के स्नातक छात्रों को ही नौकरी की पेशकश हुई है। इसमें कॉलेज के छात्रों के साथ-साथ बाकी कॉलेजों के छात्रों ने भी हिस्सा लिया।

डॉ सिंह ने बताया कि यह जॉब व इंटर्नशिप फेयर इसलिए अच्छा रहा है कि क्योंकि एक तो इस बार ज्यादा कंपनियां कैंपस पहुंची हैं। पिछले साल करीब 36 कंपनियां आई थी जबकि इस बार कंपनियों की संख्या 45 रही है। वहीं बीते साल की तुलना में सैलेरी पैकेज में भी 25 फीसदी का इजाफा हुआ है। इस फेयर में छात्रों का उत्साह बढ़ाने के लिए सेंट्रल दिल्ली के डीसीपी एम हर्षवर्धन व वित्त मंत्रालय में संयुक्त निदेशक दीपिका श्रीवास्तव समेत कॉलेज प्रिंसिपल नरेंद्र सिंह मौजूद रहे।